प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 28.03.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1- केंद्र सरकार ने मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी दर में तीन से 10 प्रतिशत तक वृद्धि की, नयी दर एक अप्रैल से होगी लागू।

2- लोकसभा चुनाव के दौरान पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों को छुट्टी के लिए चुनाव आयोग की स्वीकृति लेना होगा आनिवार्य।

3- यूजीसी ने देश के सभी विश्वविद्यालयों में सत्र 2024–25 से राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के स्कोर के आधार पर पीएचडी में दाखिले का जारी किया निर्देश।

4- वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय द्वारा विकसित अस्थायी शेड नेट स्ट्रक्चर को विशिष्ट डिजाइन के लिए प्रदान किया ट्रेडमार्क।

**********************

केंद्र सरकार ने मनरेगा श्रमिकों की मजदूरी दर में तीन से 10 प्रतिशत तक की वृद्धि की है। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने अधिसूचना जारी कर कहा कि बढ़ी हुई मजदूरी की दर एक अप्रैल 2024 से लागू होगी। मनरेगा मजदूरी में अंतिम संशोधन पिछले साल मार्च में किया गया था। झारखंड में अकुशल श्रमिकों को मजदूरी दर, वृद्धि के बाद 245 रूपये मिलेगी। हरियाणा में दैनिक मजदूरी दर 374 रुपये, गोवा में 356 रुपये, कर्नाटक में 349 रुपये, केरल में 346 रुपये और पंजाब में 322 रुपये होगी।

**********************

लोकसभा के दूसरे चरण की नामांकन प्रक्रिया आज से शुरू हो गयी। नामांकन 4 अप्रैल तक भरे जा सकते हैं और 26 अप्रैल को मतदान होगा। इस चरण में 12 राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 89 लोकसभा सीटों के लिए चुनाव होगा।

इधर बिहार में पहले चरण के लिए चार संसदीय क्षेत्रों गया, औरंगाबाद, नवादा और जमुई के लिए नामांकन का आज आखिरी दिन है। नामांकन पत्रों की जांच 30 मार्च को होगी। निर्वाचन आयोग ने होली और बिहार स्थापना दिवस से जुड़े अवकाश के कारण नामांकन पत्र भरने की अंतिम तिथि बढ़ा दी थी।

**********************

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सभी पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों की आकस्मिक छुट्टी को लेकर चुनाव आयोग की स्वीकृति लेना आनिवार्य होगा। चुनाव समाप्त होने तक आकस्मिक अवकाश और मुख्यालय छोड़ने की स्वीकृति निर्वाचन पदाधिकारी देंगे। डीजीपी के आदेश पर आइजी अभियान सह–स्टेट पुलिस नोडल पदाधिकारी ने इससे संबंधित आदेश जारी कर दिया है। झारखंड के विभिन्न जिलों के एसएसपी, एसपी, पुलिस के अन्य विंग के एसपी और समादेष्टा को पत्र भेज कर अवगत करा दिया गया है।

**********************

झारखंड में लोकसभा चुनाव चौथे चरण से सातवें चरण तक संपन्न होगा। चुनाव आयोग के कार्यक्रम के अनुसार चतरा लोक सभा सीट के लिए चुनावी प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होगी। मतदान 20 मई को होगा। चतरा लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें शामिल हैं। इनमें चतरा, सिमरिया, लातेहार, मनिका और पांकी विधानसभा क्षेत्र है।

चतरा जिले के उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि जिले में 41 हजार 407 नए मतदाता जोड़े गए हैं जो पहली बार मतदान करेंगे। मतदाता जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। चतरा संसदीय क्षेत्र के 16 लाख 67 हजार 491 मतदाता अपना मत डालेंगे। इनमें चतरा जिले के मतदाताओं की संख्या 7 लाख 88 हजार 929 है।

**********************

लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर भारत निर्वाचन आयोग के सचिव संतोष कुमार और झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार आज धनबाद में जिला निर्वाचन पदाधिकारी से चुनाव की तैयारियों का जायजा लेंगे। इस दौरान गोल्फ ग्राउंड में स्वीप कोषांग की ओर से विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे।

**********************

पश्चिमी सिंहभूम जिले की पोडैयाहाट अनुमंडल पदाधिकारी रीना हांसदा ने आज सुबह चक्रधरपुर अनुमंडल क्षेत्र के मनोहरपुर के जराईकेला स्थित चेकनाका का औचक निरीक्षण किया। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी ने पडोसी राज्य ओड़िशा की तरफ से आने वाले सभी प्रकार के वाहनों की गहन जांच की। उन्होंने पुलिस पदाधिकारी को जांच के दौरान किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु, कैश पाए जाने पर तत्काल जब्त कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि लोकसभा चुनाव के निमित्त अंतरराज्यीय चेकनाका पर वेव कास्टिंग के जरिए कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

*********************

आजसू पार्टी के संसदीय बोर्ड की बैठक 29 मार्च को होगी। इस बैठक में लोकसभा चुनाव गिरिडीह में प्रत्याशी की घोषणा पर निर्णय लिया जायेगा। संसदीय बोर्ड में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो के अलावा चन्द्रप्रकाश चौधरी, रामचन्द्र सहिस, लंबोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, उमाकांत रजक, डोमन सिंह मुंडा, संजय बसु मल्लिक, मुकुंद चंद्र मेहता, शिवपूजन मेहता, अकिल अख्तर, हसन अंसारी, स्वपन सिंह देव, राधेश्याम गोस्वामी, राजेन्द्र मेहता हैं।

*********************

गढ़वा जिले में पंचायतों के सर्वांगीण विकास के लिए मेरी पंचायत मेरी पहचान नाम से कार्यक्रम शुरू किया गया गया है। विस्तृत जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

साउंड बाइट – विनोद कुमार पाठक, गढ़वा – 48 सेकेंड

*********************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज

All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

प्रादेशिक समाचार आप आकाशवाणी रांची से सुन रहे हैं।

*********************

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग– यूजीसी ने देश के सभी विश्वविद्यालयों में सत्र 2024–25 से राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा– एनईटी के स्कोर के आधार पर पीएचडी कोर्स में दाखिला लेने का निर्देश जारी किया है। आयोग के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि शिक्षा सत्र 2024–25 से पीएचडी में प्रवेश के लिए विभिन्न शिक्षा संस्थानों द्वारा संचालित प्रवेश परीक्षाओं के स्थान पर राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा –एनईटी स्कोर का उपयोग किया  जायेगा।

*********************

केंद्र सरकार के वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के पेटेंट्स, डिजाइंस और ट्रेडमार्क्स महानियंत्रक ने बीएयू द्वारा विकसित अस्थाई शेड नेट स्ट्रक्चर को इसके विशिष्ट डिजाइन के लिए ट्रेडमार्क प्रदान किया है। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय की ओर से विकसित सूक्ष्म जलवायु प्रबंधन प्रौद्योगिकी के प्रयोग से अब गुणवत्तायुक्त सब्जियों का सालों भर उत्पादन किया जा सकता है। डॉ प्रमोद राय ने लगभग एक दशक के अनुसंधान और प्रयोग के बाद यह प्रौद्योगिकी विकसित की है।

*********************

बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला योजना के तहत किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में काम किया जा रहा है। देवघर जिला इस दिशा में काफी बेहतर काम कर रहा है। जिले के उपायुक्त विशाल सागर ने कृषक पाठशाला के माध्यम से ऑर्गेनिक खेती और कृषि से संबंधित प्रशिक्षण कार्य को लेकर कृषकों से जानकारी ली।

*********************

सरहुल शोभायात्रा को लेकर राजधानी रांची में विभिन्न आदिवासी संगठनों ने तैयारी शुरू कर दी है। 10 अप्रैल को सरना धर्मावलंबी उपवास पर रहेंगे और सरहुल की शोभायात्रा 11 अप्रैल को निकाली जाएगी। केंद्रीय सरना समिति के फूलचंद तिर्की ने कहा कि आदिवासी समाज पारंपरिक वेशभूषा, वाद्ययंत्र के साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे।

*********************

संक्षिप्त खबरें

- धनबाद में रेलवे की ओर से रेलवे गुड्स शेड्स में स्टैकिंग के उद्देश्य से लीज पर जमीन दी जाएगी। इच्छुक पार्टियां रेलवे भूमि के लाइसेंस के लिए ऑनलाइन पोर्टल, इंडियन रेलवे लीज लाइसेंस प्रोसेसिंग सिस्टम पर आवेदन कर सकती हैं।
- रामगढ़ जिले में लोकसभा चुनाव को लेकर महिलाओं द्वारा संचालित मतदान केंद्रों के लिए प्रतिनियुक्त महिला मतदान अधिकारियों के लिए प्रथम चरण के प्रशिक्षण का आयोजन गांधी स्मारक प्लस टू उच्च विद्यालय सीएम स्कूल ऑफ एक्सेलेंस में किया गया।
- आदित्यपुर–कांड्रा सड़क मार्ग पर आज सुबह तेज रफ्तार से आ रहे ट्रेलर चालक ने सड़क पर खड़े हाईवा को जोरदार टक्कर मार दी।

*********************

गिरिडीह जिले के बगोदर में आज सुबह अगलगी की घटना में एक जेनरल स्टोर, एक डिजिटल स्टूडियो समेत दस दुकान जल गये। इससे लाखों रुपए का नुकसान हुआ। बगोदर विधायक विनोद कुमार सिंह ने पीड़ित परिवारों को मुआवजा दिलाने का आश्वाशन दिया है।

*******समाप्त*******